# राजस्थान के 5 व्यक्तियों को पद्म श्री

## चर्चा में क्यों ?

हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थान के **पाँच व्यक्तियों को चार पद्मश्री पुरस्कार प्रदान करने की स्वीकृति दी है।**

## मुख्य बिंदु:

- पुरस्कार विजेताओं में शामिल हैं:
  - एक पुरस्कार दो **लोक गायकों अली मोहम्मद और गनी मोहम्मद** को दिया जा रहा है। गनी ब्रदर्स के नाम से मशहूर इस जोड़ी को लोक गायन में उत्कृष्टता के लिये चुना गया है।
  - अन्य में **93 वर्षीय ध्रुपद वादक लक्ष्मण भट्ट तैलंग** शामिल हैं। इस दिग्गज ने भारतीय शास्त्रीय संगीत पर कई किताबें लिखी हैं और अपने पूरे जीवन में सैकड़ों छात्रों को संगीत की अपनी शैली सिखाई है।
  - राज्य की एक अन्य पुरस्कार प्राप्तकर्त्ता **माया टंडन सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य करती हैं** और उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के घायल पीड़ितों के बचाव में मदद करने के लिये 1 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया है।
  - **81 वर्षीय जानकी लाल भांड ने बहुरूपिया कला को जीवित रखा है** और 10 से अधिक देशों में इसका प्रदर्शन किया है। **बहरूपिया ('बहुआयामी')** विभिन्न पात्रों के रूप में तैयार होने और उन्हें चित्रित करने की कला है।

## बहरूपिया

- 'बहरूपिया' शब्द संस्कृत के **बहु (अनेक) और रूप शब्द से बना है।**
- बहरूपिया **पररूपधारी हैं,** जो अधिकतर पूरे भारत के गाँवों और बाज़ारों में प्रदर्शन करने के लिये जाने जाते हैं।
- **वे पौराणिक कथाओं, लोककथाओं और पारंपरिक कहानियों की** भूमिका निभाने के लिये विभिन्न पोशाकें पहनते हैं।
- **राष्ट्रीय बहरूपिया महोत्सव का आयोजन 5-8 अक्तूबर 2018 तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA)** द्वारा किया गया था।
- **IGNCA संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/padma-shri-for-5-persons-from-rajasthan